# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
## अधिष्ठाता, छात्र कल्याण विभाग

क्रमांक : 150 
दिनांक : 29/10/14

दूरभाष : 0751 2442820
2442821

प्रति,

प्राचार्य / विभागाध्यक्ष
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / अध्ययनशाला,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**विषय :मध्य क्षेत्रीय अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव, बेरहामपुर (उड़ीसा) हेतु सांस्कृतिक एंव साहित्यिक दल के चयन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ए0 आई0 यू0 के निर्देशानुसार **बेरहामपुर विश्वविद्यालय, बेरहामपुर** ( उड़ीसा ) की संगठन व्यवस्था में **दिनांक 25 नवम्बर से 29 नवम्बर 2014** के मध्य **"मध्य क्षेत्रीय अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव"** की विभिन्न सांस्कृतिक एंव साहित्यिक विधाओं में भागीदारी करने हेतु **"मध्य क्षेत्रीय युवा उत्सव चयन स्पर्धा"** का आयोजन **दिनांक 05 एवं 06 नवम्बर 2014 के मध्य जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के गालव सभागार** में **प्रातः 10:30 बजे** से आयोजित होगा।

उक्त चयन स्पर्धा में प्रत्येक महाविद्यालय / अध्ययनशाला से कोई भी नियमित छात्र / छात्रा एक या एक से अधिक विधाओं में भाग ले सकते हैं। महाविद्यालय / अध्ययनशाला के एक या एक से अधिक दल भी भाग ले सकते हैं। नियमित छात्र / छात्राएँ अन्य महाविद्यालयों / अध्ययनशालाओं के छात्र / छात्राओं से मिलकर भी दल बना सकते हैं।

अतः आप अपने महाविद्यालय / अध्ययनशाला के छात्र / छात्राओं को आवश्यक रूप से भागीदारी हेतु भेजकर सहयोग प्रदान करें।

धन्यवाद,

भवदीय

**संलग्न : विधावार नियमावली, भागीदारी प्रपत्र एवं विधा कार्यकम**

( डॉ0 केशव सिंह गुर्जर )
अधिष्ठाता, छात्र कल्या

# JIWAJI UNIVERSITY, GWALIOR

*SELECTION FOR*

## *CENTRAL ZONE INTER UNIVERSITY YOUTH FESTIVAL*

### *BERHAMPUR UNIVERSITY, BERHAMPUR ( ODISA )*

***Place : Galav Sabhagar*** ***Time : 10:30 A.M.***

| Date | | Items | Maximum Time |
|---|---|---|---|
| **05-11-2014** | **1.** | **Classical Vocal** | **10 mts.** |
| **( Wednusday )** | | **( Hindustani or Karnatak )** | |
| | **2.** | **Classical Instrumental** | **06 mts.** |
| | | **( Percussion & Non-Percussion )** | |
| | **3.** | **Light Vocal ( Indian )** | **05 mts.** |
| | **4.** | **Elocution** | **05 mts.** |
| | **5.** | **Clay Modelling** | **30 mts.** |
| | **6.** | **On the Spot Painting** | **30 mts.** |
| | **7.** | **Rangoli** | **30 mts.** |
| **06-11-2014** | **1.** | **Western Vocal Solo** | **05 mts.** |
| **( Thursday )** | **2.** | **Classical Dance** | **10 mts.** |
| | **3.** | **Solo Dance ( Folk )** | **05 mts.** |
| | **4.** | **Quiz** | |
| | **5.** | **Mimicry** | **05 mts.** |
| | **6.** | **Skit ( Six regular students from any Instutions)** | **10 mts.** |

**For further details :**

**Students are advised to Contact Office of the Dean of Students Welfare, Galav Sabhagar**

**Tel. No. 0751-2442821**

**Proforma for Entries are available in the respective department**

<u>वक्तृत्वकला ( Elocution ) का विषय</u>

"सामाजिक कुरूतियों को दूर करने में युवाओं की भूमिका"

<u>क्ले मॉडलिंग का विषय</u>

"युवा शक्ति"

<u>ऑन द स्पॉट पेंटिंग का विषय</u>

"घरेलू हिंसा"

# JIWAJI UNIVERSITY, GWALIOR

## SELECTION FOR

## *CENTRAL ZONE INTER UNIVERSITY YOUTH FESTIVAL*

### *BERHAMPUR UNIVERSITY, BERHAMPUR ( ODISA )*

### Eligibility Certificate for Participants / Accompanist

1. Name : ____________________
2. Father's Name : ____________________
3. Date of Birth : ____________________
4. College/Department : ____________________
   ____________________
5. Class : ____________________
6. Address & Tel. No. : ____________________
   ____________________
   ____________________
7. Items of Participation : ____________________
   ____________________
   ____________________
8. Signature of Student : ____________________

Certified that particulars as above are correct to the best of my knowledge and belief.

**Principal/H.O.D./ Coordinator**
**( Signature & Seal )**

# प्रतियोगिताओं के नियम

**शास्त्रीय एकल गायन ( हिन्दुस्तानी / कर्नाटक )**

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. प्रस्तुति हिन्दुस्तानी या कर्नाटक शैली में ही होगी।
3. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 10 मिनिट का समय निर्धारित है।
4. फिल्मी या रिकॉर्डेड गाने नहीं गाये जा सकते हैं।
5. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**शास्त्रीय एकल वादन ( ताल वाद्य/स्वर वाद्य )**

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगी केवल एक ही वाद्य यंत्र पर अपनी प्रस्तुति देगा। प्रतियोगी को अपना वाद्ययंत्र स्वंय लाना होगा।
3. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 06 मिनिट का समय निर्धारित है।
4. निर्णय का आधार प्रस्तुति, ताल का चयन एवं समग्र प्रभाव होगा।
5. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**एकल गायन सुगम**

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भागं ले सकते हैं।
2. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 05 मिनिट का समय दिया जायेगा।
3. प्रस्तुति में केवल गैर फिल्मी गाने जैसे – गीत, गजल, भजन आदि गाये जा सकते हैं।
4. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**वक्तृत्वकला**

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक वक्ता भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगिता का माध्यम हिन्दी / अंग्रेजी होगा।
3. प्रत्येक प्रतियोगी को अधिकतम 05 मिनिट का समय दिया जायेगा।
4. किसी धर्म, जाति, वंश, व्यक्ति पर व्यक्तिगत आक्षेप करने पर प्रतियोगी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।
5. निर्णय का आधार स्तर, विचार, विषय की पकड़, मौलिकता, अभिव्यक्ति, भाषा तथा सामान्य प्रभाव होगा।
6. प्रतियोगिता का विषय – " सामाजिक कुरूतियों को दूर करने में युवाओं की भूमिका "
7. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**क्ले मोडलिंग**

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकता है।
2. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 30 मिनिट निर्धारित है।
3. प्रतियोगिता का विषय – "युवा शक्ति"
4. प्रतियोगी को आयोजकों द्वारा केवल मिट्टी प्रदाय की जायेगी। अन्य सामग्री प्रतियोगी को स्वंय लाना होगी।
5. निर्णय का आधार निर्णायकों द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
6. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

ऑन द स्पॉट पेन्टिंग

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकता है।
2. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 30 मिनिट निर्धारित है।
3. कागज का साईज 22"x15" रहेगा।।
4. प्रतियोगिता का विषय – **"घरेलू हिंसा"**
5. पेन्टिंग तेलीय, वाटर कलर, पोस्टर एवं पेस्टल कलर से की जा सकती है।
6. प्रतियोगी को आयोजकों द्वारा केवल कागज प्रदाय किया जायेगा। ब्रश, कलर व अन्य सामग्री प्रतियोगी को स्वंय लाना होगी।
7. निर्णय का आधार निर्णायकों द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
8. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

रंगोली

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकता है।
2. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 30 मिनिट निर्धारित है।
3. प्रतियोगी को प्रतियोगिता से सम्बन्धित समस्त सामग्री स्वंय लाना होगी। इस कला को विविध क्षेत्रों में विविध नामों जैसे – अल्पना, मांडना, आलेखन, कॉलम, रंगोली आदि।
4. प्रतियोगी माध्यम एवं आकार के लिये स्वतंत्र है। वर्णनात्मक, चित्रात्मक अथवा मुक्त चित्रण किया जा सकता है।
5. निर्णय का आधार निर्णायकों द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
6. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

एकल गायन ( पाश्चात्य )

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 05 मिनिट का समय निर्धारित है।
3. प्रस्तुति केवल अंग्रेजी भाषा में ही होगी।
4. गैर फिल्मी एवं रिकॉर्डेड गाने गाये जा सकते है।
5. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

एकल नृत्य शास्त्रीय

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगी कत्थक, कथकली, भरतनाट्यम, मणीपुरी, कुचीपुरी, मोहिनीअट्टम या ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति कर सकते है।
3. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 10 मिनिट का समय निर्धारित है। यदि प्रतियोगी कैसेट पर नृत्य करते हैं तो वह अपनी कैसेट अथवा सी0 डी0 सेट कर स्वंय लावें।
4. निर्णय का आधार ताल का चयन, तकनीक, अभिनय एवं भाव पक्ष, एवं समग्र प्रभाव होगा।
5. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

एकल नृत्य ( लोक )

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. यदि प्रतियोगी कैसेट पर एकल नृत्य ( लोक ) करते हैं तो वह अपनी कैसेट अथवा सी0 डी0 सेट कर स्वंय लावें।
3. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 05 मिनिट का समय दिया जायेगा।
4. निर्णय का आधार ताल का चयन, तकनीक, अभिनय एवं भाव पक्ष, पदचालन एवं समग्र प्रभाव होगा।
5. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रश्नमंच**

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगिता लिखित में होगी।
3. सर्वोच्च अंकों के आधार पर तीन प्रतियोगियों का चयन किया जायेगा।
4. इसके अतिरिक्त अन्य नियम / उपनियम क्वीज मास्टर द्वारा निर्धारित किये जायेंगे।
5. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**मिमिकी**

1. प्रत्येक महाविद्यालय /अध्ययनशाला से एक या एक से अधिक प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. प्रस्तुति के लिये अधिकतम समय 05 मिनिट का समय निर्धारित है।
3. प्रस्तुति का आधार मशीनों की आवाज, पशु–पक्षियों की आवाज, वाद्य यंत्रों की आवाज, प्रसिद्ध व्यक्ति, अभिनेता एवं अभिनेत्री की आवाज की नकल होगी।
4. निर्णय का आधार आवाज का उतार–चढ़ाव, पिच एवं समग्र प्रभाव होगा।
5. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**स्किट**

1. प्रत्येक महाविद्यालय/अध्ययनशाला के 06 सदस्यों से बना एक या एक से अधिक दल भागीदारी कर सकते हैं। एक या एक से अधिक महाविद्यालयों/अध्ययनशालाओं के नियमित छात्र/छात्राओं से बना एक या एक से अधिक दल भी भाग ले सकते हैं।
2. प्रस्तुति का अधिकतम समय 10 मिनिट निर्धारित है।
3. निर्णय का आधार कथावस्तु, अभिनय, मंच सज्जा, रचना एवं समग्र प्रभाव होगा।